BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 11 अप्रैल, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना पहासू**

बाइक सवार बदमाशों के साथ थाना पहासू पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में दो बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये आभूषण अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11.04.2025 को थाना पहासू पुलिस व स्वाट टीम देहात नगला फतिहाबाद बम्बा पुल के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी, इसी दौरान ग्राम बनैल की तरफ से एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिसको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर वापस ग्राम बनैल की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो बदमाश अपनी मोटर साईकिल गिराकर आम के बाग में भागने लगे। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं, जिनको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. शादिक जब्बार जाफरी पुत्र जब्बार जाफरी निवासी वेदान्त पार्क B/विंग 03 स्वामी विवेकानन्दनगर थाना वशिन्द धागांव जनपद थाणे(महाराष्ट्र), 2. समीर बेग पुत्र हिम्मत लाल बेग निवासी कोतवाल मौहल्ला थाना कुडाची जनपद बैलगावी (कर्नाटक) के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरे अपराधी है जिनके द्वारा थाना पहासू क्षेत्रान्तर्गत कस्बा पहासू में दिनांक 06-04-2025 को सुनार की दुकान में टप्पेबाजी की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना पहासू पर मु0अ0सं0 107/25 धारा 305(1) बीएनएस पंजीकृत है। जिससे सम्बन्धित 21 पीली धातु की अंगूठी अभियुक्तों के कब्जें से बरामद की गयी हैं तथा अन्य आभूषणों अभियुक्तों द्वारा जनपद आगरा, बिजनौर व मथुरा से लूटने की स्वीकारोक्ति की हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- शादिक जब्बार जाफरी पुत्र जब्बार जाफरी निवासी वेदान्त पार्क B/विंग 03 स्वामी विवेकानन्दनगर थाना वशिन्द धागांव जनपद थाणे (महाराष्ट्र)।

2. समीर बेग पुत्र हिम्मत लाल बेग निवासी कोतवाल मौहल्ला थाना कुडाची जनपद बैलगावी (कर्नाटक)।

बरामदगी-

1- 21 अंगूठी पीली धातु

2- 60 ग्राम पीली धातु के आभुषण (अन्य जनपदों की घटनाओं से सम्बन्धित)

3- 01 पल्सर मोटरसाइकिल नं0- यूपी25 डीजे 3973 (घटना में प्रयुक्त)

4- 02 तमंचे 315 बोर मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त समीर बेग का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 - 174/14 धारा 392 भादवि थाना न्यू एक्सटेंशन जनपद तुमाकरू कर्नाटक।
2. मु0अ0सं0 - 155/14 धारा 392 भादवि थाना न्यू एक्सटेंशन जनपद तुमाकरू कर्नाटक।
3. मु0अ0सं0 - 429/13 धारा 392/34 भादवि थाना उडुपी टाउन जनपद उडुपी कर्नाटक।
4. मु0अ0सं0 - 136/14 धारा 392 भादवि थाना न्यू एक्सटेंशन जनपद तुमाकरू कर्नाटक।
5. मु0अ0सं0 - 359/13 धारा 392/414/34 भादवि थाना कुण्डापुरा जनपद उडुपी कर्नाटक।
6. मु0अ0सं0 - 311/19 धारा 392/341/34 भादवि थाना भोईबाड़ा ब्रिहान मुम्बई सिटी महाराष्ट्र।
7. मु0अ0सं0 395/23 धारा 380/482 भादवि थाना सिटी केकड़ी केकड़ी राजस्थान।
8. मु0अ0सं0 110/23 धारा 380 भादवि थाना कालाढेरा जयपुर ग्रामीण राजस्थान।
9. मु0अ0सं0 107/25 धारा 305(1) बीएनएस थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त शादिक जब्बार जाफरी का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 395/23 धारा 380/482 भादवि , थाना सिटी केकड़ी केकड़ी राजस्थान।
2. मु0अ0सं0 110/23 धारा 380 भादवि , थाना कालाढेरा जयपुर ग्रामीण राजस्थान
3. मु0अ0सं0 203/23 धारा 382/34 भादवि थाना पीलवा राजस्थान

4. मु0अ0सं0 107/25 धारा 305(1) बीएनएस थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

थाना पहासू पुलिस टीम-

1- श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहासू।

2- उ0नि0 श्री सोमनाथ राय

3. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र बालियान, उ0नि0 संजय सिंह, उ0नि0 रवि कुमार, उ0नि0 नदीम अहमद

4. है0कां0 सिद्धार्थ यादव, कां0 धर्मेन्द्र कुमार

स्वाट टीम देहात-

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात।

2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का0 अरूण, का0 मनीष, का0 आकाश, का0 अजय, का0 विपिन।

मीडिया सेल बुलंदशहर